

यूपीईएस में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सीबीएसई देहरादून के विद्यालयों के प्रधानाचार्य • सौजन्य- आयोजक

# स्कूली और उच्च शिक्षा के बीच की खाई को करेंगे कम

जागरण संवाददाता, देहरादून : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने यूपीईएस यूनिवर्सिटी में सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों के लिए एक्सपोजर विजिट केंद्र के रूप में स्थापित किया है। सोमवार को इसका प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह पहल शैक्षिक नेतृत्वकर्ता को फ्यूचर स्किल्स और वोकेशनल व स्किल बेस्ड एजुकेशन में उभरते रुझानों की समझ बढ़ाने का एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप जो मुख्यधारा की स्कूली शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करने पर बल देती है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल प्रधानाचार्यों को नवीन शिक्षण पद्धतियों और उद्योग से जुड़ी प्रवृत्तियों की जानकारी देना है। साथ ही यह पहल स्कूल और उच्च शिक्षा के बीच की दूरी को कम करने और छात्रों को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक कौशलों से सुसज्जित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान प्रमुख विषयों में डिजिटल ट्रांसफार्मेशन उभरते करियर विकल्प, उद्योग पाठ्यक्रम और अनुभवात्मक शिक्षण शामिल रहे। यूपीईएस के कुलपति डा. राम शर्मा ने कहा कि सीबीएसई पहल के जरिये स्कूल प्रमुखों से जुड़कर स्कूली और उच्च शिक्षा के बीच की खाई को कम करेंगे।